# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक 07.05.2025**

- **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा की गयी एक और कड़ी कार्यवाही।**
- **थाना राजपुर पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाँछित 02 नफर अभियुक्तगण व 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना राजपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 18/25 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 02.05.2025 को में वादी श्री नरेन्द्र सिंह यादव पुत्र अशर्फीलाल यादव निवासी ग्राम गजा का पुरवां थाना बरौर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना राजपुर पर मु0अ0स0 18/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 05 नफर नामजद अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में क्षेत्राधिकारी सिकंदरा जनपद कानपुर देहात द्वारा विवेचना के दौरान अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष राजपुर श्री कालीचरन कुशवाहा को दी गयी हुकुम तहरीरी के आधार पर थानाध्यक्ष राजपुर श्री कालीचरन कुशवाहा द्वारा पुलिस बल के साथ कार्यवाही करते हुए दिनांक 07.05.2025 को समय करीब 11.30 बजे 02 नफर वाँछित अभियुक्तगण 1.अमित यादव पुत्र योगेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू चौधरी उम्र 24 वर्ष 2. योगेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू चौधरी पुत्र ताराचन्द्र उम्र 56 वर्ष व 01 नफर अभियुक्ता निवासीगण ग्राम कमलपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात को मुखबिर की सूचना पर मुगल रोड़ से कुँवरपुर की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे से गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्तों की घटना में संलिप्तता के संबंध में साक्ष्य संकलन की कार्यवाही प्रचलित है, प्राप्त साक्ष्य/तथ्यों के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण व अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण व अभियुक्ता का नाम पता-**

1. अमित यादव पुत्र योगेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कमलपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।
2. योगेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू चौधरी पुत्र ताराचन्द्र उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम कमलपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।
3. 01 नफर अभियुक्ता।

**गिरफ्तार करने वाली थाना राजपुर पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री कालीचरन कुशवाहा।
2. उ0नि0 श्री रामाशंकर पाल।
3. हे0कां0 204 सनवेद सिंह।
4. हे0का0 399 सुरेन्द्रनाथ।
5. म0का0 1254 कु0 इन्द्रा।